**Target set for railway freight movement**

3264. SHRI SURESH PACHOURI: Will the Minister of RAILWAY be pleased to state:

(a) the targets set by the Railways for movement of fright in each Budget, since 1990-91;

(b) how far these targets have been realised by the Railways;

(c) whether there have been downward revision of these targets at the Revised Estimates state;

(d) if so, the reasons therefor; and

(e) whether Railways have chalked out a long-term policy to improve freight operations?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI SATPAL MAHARAJ): (a) and (b) The revenue earning traffic targets, together with actual carried, since 1990-91, are as under:

(in million tonnes)

| Year | Original Target | Actual |
|---|---|---|
| 1990-91 | 325.00 | 318.40 |
| 1991-92 | 335.00 | 337.98 |
| 1992-93 | 354.00 | 350.05 |
| 1993-94 | 370.00 | 358.72 |
| 1994-95 | 380.00 | 364.96 |
| 1995-96 | 398.00 | 390.57 (Prov.) |

(c) and (d) The targets are revised either upwards or downwards depending on expected materialisation of traffic.

(e) Some of the long-term measures being adopted to improve freight operations are:

(i) Introduction of improved wagon designs by induction of air-braked rolling stock, bottom discharge wagons, etc.

(ii) Deployment of high-horse power locomatives;

(iii) Development of unloading and loading terminals;

(iv) Construction of additional lines on heavily saturated routes;

(v) Improvement in track conditions for higher speeds.

**इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, भोपाल में निर्माण कार्य**

3265. **श्री सघवजी:** क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, भोपाल में गत तीन वर्षों के दौरान कौन-कौन से निर्माण कार्य दिये गये हैं और इस पर कितनी धनराशि खर्च की गयी है;

(ख) संग्रालय में कुल कितने इंजीनियर तथा आर्किटेक्ट कार्यरत हैं; और

(ग) क्या यह भी सच है कि संग्रालय के स्वयं के इंजीनियरिंग स्टाफ के होते हुए भी बाहर के इंजीनियरों/आर्किटेक्टों की सेवाएं ली गई हैं, यदि हां, तो किन-किन इंजीनियरों/आर्किटेक्टों की सेवाएं ली गई तथा उन्हें कितना-कितना भुगतान किया गया?

**मानव संसाधन विकास मंत्री (श्री एस० आर० बोम्मई):** (क) इंदिरा गांधी नेशनल ह्यूमेन म्युजियम नामक कोई संग्रहालय अस्तित्व में नहीं है। तथापि, मानव संसाधन विकास मंत्रालय के संस्कृति विभाग के अंतर्गत भोपाल में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय के रूप में एक स्वायत्त संगठन कार्य कर रहा है।

संग्रहालय भवन का निर्माण-कार्य मध्य प्रदेश सरकार के आवास एवं पर्यावरण विभाग के कैपिटल प्रोजेक्ट एडमिरिस्ट्रेशन को सौंपा गया था। अब तक किये गये व्यय का वर्षवार ब्यौरा विवरण—I में दिया गया है।

(ख) और (ग) चूंकि, संग्रहालय के पास किसी वास्तुकार अथवा अभियंता की सेवाएं नहीं है, इसलिए, एक वास्तुकार फर्म तथा 3 अभियंताओं की सेवाएं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय द्वारा किराये पर ली गई हैं। उनके नाम तथा उन्हें भुगतान की गयी राशि विवरण—II में दी गयी है।

## विवरण-I

**पिछले तीन वर्षों के दौरान किए गए निर्माण कार्य तथा व्यय संबंधी विवरण**

(लाख रुपयों में)

| | | 1993-94 | 1994-95 | 1995-96 |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 100 के०वी० सब स्टेशन का निर्माण | — | 1.47 लगभग | — |
| 2. | टेरेस गार्डन तथा मुक्ताकाश प्रदर्शनी के ऊपर खजूर के पत्तों का छप्पर (तटीय गांव) | — | 7.60 लगभग | |
| 3. | आंतरिक संग्रहालय भवन का निर्माण | 78.00 लगभग | 120.00 " | 205.00 लगभग |
| 4. | जाइप बोर्ड सीलिंग की व्यवस्था | 2.50 " | 0.46 " | — |
| 5. | ट्यूब-वैलों की खुदाई | 3.00 " | — | — |
| 6. | स्टाफ क्वार्टरों का निर्माण (अंतिम किस्त) | 13.50 " | — | — |
| 7. | शैल कला प्रदर्शनी शेड का निर्माण | — | 3.05 | — |
| 8. | सिरेमिक शेड में आंतरिक और बाह्य विकास कार्य | — | — | 0.47 लगभग |
| 9. | 29 स्टाफ आवासों की खरीद | — | 52.86 लगभग | — |
| 10. | कच्चे पानी की आपूर्ति संबंधी स्कीम | — | — | 2.00 |
| 11. | अन्य | 3.00 | 19.51 | 5.36 |
| | कुल योग : | 100.00 लगभग | 206.15 लगभग | 212.83 लगभग |

## विवरण-II

**इंजीनियरों/वास्तुविदों के नाम तथा उन्हें भुगतान की गई राशि**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | राम शर्मा एंड एसोसिएट्स, नई दिल्ली | 32.68 लाख रुपये लगभग |
| 2. | श्री वी० आर० शर्वते इंजीनियर | |
| 3. | श्री आर० ए० गुप्ता इंजीनियर | 2.49 लाख रुपये लगभग |
| 4. | श्री आर० पी० मिश्रा इंजीनियर | |